प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10.09.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्र सरकार ने 177 किलोमीटर लंबे भागलपुर–दुमका–रामपुरहाट रेलवे लाइन सेक्शन के दोहरीकरण को दी मंजूरी, 3,169 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला प्रोजेक्ट 28 लाख से अधिक आबादी को देगा बेहतर रेल सुविधा।
- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची में दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर दुर्गोत्सव–2025 की तैयारियों की समीक्षा की।
- भाजपा नेता रघुवर दास ने झामुमो–कांग्रेस सरकार पर पेसा कानून लागू न करने और आदिवासियों को अधिकारों से वंचित करने का लगाया आरोप।
- मौसम विभाग ने राज्य में अगले चार दिनों तक भारी बारिश और तेज हवाओं की जताई संभावना। पाकुड़, साहिबगंज, गिरिडीह, गोड्डा और जामताड़ा जिलों में येलो अलर्ट जारी।
- महिला एशिया कप हॉकी 2025 के सुपर–4 में सलीमा टेटे की कप्तानी में भारत ने कोरिया को हराकर दर्ज की पहली जीत, संगीता कुमारी बनीं प्लेयर ऑफ द मैच।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक कार्य समिति ने 177 किलोमीटर लंबी भागलपुर–दुमका–रामपुरहाट सिंगल रेलवे लाइन सेक्शन के दोहरीकरण को 3,169 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी है। झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के पांच जिलों से गुजरने वाला यह प्रोजेक्ट तीन आकांक्षी जिलों (दुमका, गोड्डा और बांका) समेत लगभग 28 लाख 72 हजार की आबादी और 441 गांवों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के निर्णय के बारे में कहा कि इससे देवघर के बाबा वैद्यनाथ धाम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थल तक पहुंच आसान होगी।

******************

इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली तक जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की। आज, हम देखते हैं कि ये सुधार शिक्षा क्षेत्र में कैसे मददगार साबित होंगे। एक रिपोर्ट...

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज रांची में महानगर दुर्गा पूजा समिति, जिला दुर्गा पूजा समिति और श्री महावीर मंडल के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी दुर्गोत्सव–2025 की तैयारियों और राज्य सरकार द्वारा पूजा समितियों को दिए जा रहे सहयोग की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सभी पूजा समितियों को इस वर्ष भी राज्य सरकार का पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया और रांची को मॉडल शहर के रूप में विकसित करने की प्राथमिकता बताई। मौके पर जिला प्रशासन और पूजा समितियों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कांग्रेस–झामुमो गठबंधन सरकार पर पेसा कानून लागू नहीं करने और आदिवासियों को उनके अधिकारों से वंचित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य की सत्ता में बैठे लोग न तो नगर निकाय चुनाव कराना चाहते हैं और न ही दलितों और आदिवासियों के हालात सुधारने के प्रति गंभीर हैं।

******************

सियाचिन ग्लेशियर पर हिमस्खलन में भारतीय सेना के तीन जवान शहीद हो गए, जिनमें देवघर जिले के मधुपुर प्रखंड के कजरा गांव के अग्निवीर नीरज चौधरी शामिल हैं। घटना से मधुपुर और कजरा गांव में शोक

की लहर दौड़ गई और स्थानीय विधायक और सांसद ने परिवार के प्रति संवेदनाएं जताई। शहीदों को सेना द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और शहीद का पार्थिव शरीर को झारखंड लाकर अंतिम सलामी दी जाएगी।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन कल झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग के विभिन्न पदों पर चयनित 19 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से रांची प्रोजेक्ट भवन में द्वितीय तल सभागार में होगा।

******************

पलामू पुलिस ने बैंक लूटने की योजना बना रहे चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से देशी कट्टा, रिवाल्वर, गोलियां, वॉकी–टॉकी, लूटा हुआ लैपटॉप, मोबाइल और स्कूटी बरामद हुई है। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ अवध यादव के नेतृत्व में छापेमारी कर चारों को पकड़ा गया।

******************

लोहरदगा पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के ब्रह्मांडीहा गांव से जेजेएमपी उग्रवादी कलेश्वर खेरवार को गिरफ्तार किया है। कलेश्वर खेरवार पहले माओवादी दस्ते में था और उसने 2017 में आत्मसमर्पण किया था, लेकिन जेल से निकलने के बाद फिर जेजेएमपी में शामिल हो गया।

******************

राज्य सरकार ने खराब मौसम और वज्रपात से संबंधित जानकारी के लिए सचेत एवं दामिनी एप की शुरुआत की है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

मौसम विभाग ने राज्य में अगले चार दिनों तक भारी बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी रहने की संभावना जताई है, और  पाकुड़, साहिबगंज, गिरिडीह, गोड्डा और जामताड़ा जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि 14 सितंबर तक राज्य में भारी बारिश का पूर्वानुमान है और हवाओं की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

******************

खेल की खबरें–

चीन के गोंगशू में महिला एशिया कप हॉकी 2025 के सुपर 4 चरण में भारत ने सलीमा टेटे की कप्तानी में कोरिया को 4–2 से हराकर पहली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत ने टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत की। अपने शानदार प्रदर्शन के लिए संगीता कुमारी को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला।

******************

एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में आज भारत का सामना मेजबान संयुक्त अरब अमीरात से होगा। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में यह मैच भारतीय समय के अनुसार रात आठ बजे से खेला जाएगा।

******************

पाकुड़ में उपायुक्त मनीष कुमार ने चार दिवसीय जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का उदघाटन किया। पहले दिन छात्र–छात्राओं के बीच 100 से 3000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई।

******समाप्त*******